**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.06.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव, अशांति और अस्थिरता के बीच योग शांति का मार्ग दिखाता है।
- द्वीपसमूह में **एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग** संदेश के साथ सामूहिक योग सत्र का आयोजन।
- द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आटो द्वारा अंडमान पर्यटन रोड शो आयोजित।
- द्वीपसमूह में अगले दो दिनों तक भारी वर्षा की चेतावनी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का मार्ग दिखाता है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग दिवस को मानवता के लिए योग टू प्वाइंट ओ की शुरूआत के रूप में मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने। उन्होंने कहा कि योग अब व्यक्तिगत अभ्यास न रह कर वैश्विक भागीदारी के माध्यम के रूप में उभरा है। आधुनिक शोध के माध्यम से योग के विज्ञान को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के भारत के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान योग अनुसंधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करना है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में भी 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। दक्षिण अंडमान जिला परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्यों और अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ाने के लिए दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। अंडमान निकोबार कमान की ओर से कैम्पबेल बे के इंदिरा प्वाइंट में योग दिवस मनाया गया। योग सत्र में अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा सहित भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के कर्मियों ने भाग लिया। इसके अलावा कमान की विभिन्न दूरस्थ इकाइयों में भी योग सत्र आयोजित किए गए। आईएनएस उत्क्रोश, में बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। नौसेना इकाई के एनसीसी कैडेटों ने भारतीय तटरक्षक प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन योग का प्रदर्शन किया। जहाजरानी सेवा निदेशालय, अंडमान निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग, बिल्लीग्राउंड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्लोबल अकादमी ऑफ मॉर्डन फिटनेस के अलावा द्वीपसमूह के शैक्षणिक संस्थानों, विभागों और संगठनों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तीसरा अंडमान पर्यटन रोड शो आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपसमूह में कार्यक्रम को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय पर्यटन हितधारकों तथा देश–विदेश के विभिन्न भागों से आए प्रतिनिधियों के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन अंडमान निकोबार प्रशासन की पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपों में जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने में आटो के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में पर्यटन सहायक निदेशक एल. वेलुमुरगन, पर्यटन निदेशक विनायक चमाड़िया, ए सी सी आई के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखर, सचिव मदन लाल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश–विदेश से एक सौ पचास से अधिक आटो सदस्यों ने हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों में दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधि शामिल थे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में साठ दशमलव आठ मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में छप्पन दशमलव चार, लांग आइलैंड में चालीस दशमलव पांच, हटबे में बाईस दशमलव चार, कार निकोबार में सात, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार और ननकौड़ी में दो दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में आज सुबह से ही रूक–रूककर भारी वर्षा हो रही है। अबरडीन बाजार में जल भराव के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग के प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने मौसम के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। ज़िला न्यायालय भवन पोर्ट ब्लेयर ए.डी.आर. केन्द्र प्रयास और उप–खण्डीय न्यायालय परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर में आयोजित लोक अदालतों में कई मामलों का निपटारा किया गया और मौके पर ही धनराशि भी जारी की गई। श्री विजयपुरम में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित एक हजार से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष रखा गया, जिसमें बैंक प्राप्ति के नौ मुकदमा पूर्व मामलों और बी.एस.एन.एल. के तेईस मामलों का श्री विजयपुरम में राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटान किया गया।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल बे की चेन्नई से आगमन में देरी के कारण, जहाज की 24 जून की ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की निर्धारित यात्रा को स्थगित कर दी गई है। अब, यह जहाज 26 जून को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और 28 तारीख को 8 बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम वापस लौटेगा।

<><><><><><><>